कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

श्री नीरज कुमार गौतम, निवासी 273/20, रेलवे लाईन के पास, बडौदा बैंक के पीछे, शान्ति नगर, दौसा जिला दौसा (राज0) 303303।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा।

अपील संख्याः 90/2022

<u>निर्णय</u> दिनांक :03.08.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील प्रस्तुत की है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा, जिला दौसा से सम्बन्धित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा को पत्र क्रमांकः डी0एम0/कोर्ट/2022/1716 दिनांक 22.07.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा द्वारा पत्र क्रमांकः आरटीआई/2022/1084 दिनांक 26.07.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से दिनांक 30.06.2022 को ही अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official
Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:47:50 IST
Reason: SelfAttested